अनुक्रमांक : ________________ नाम : ____________________

**932** **825 (CS)**

# 2025
# सामाजिक विज्ञान
## (Social Science)

**केवल प्रश्न-पत्र**

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 70**

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8 + 2 मानचित्र

**सामान्य निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) इस प्रश्न-पत्र के दो खण्ड, खण्ड - अ तथा खण्ड - ब हैं।

(iii) खण्ड - अ में 1 अंक के 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिनके उत्तर ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर नीले अथवा काले बाल प्वाइंट पेन से सही विकल्प वाले गोले को पूर्ण रूप से काला कर चिह्नित करें।

(iv) खण्ड - अ के प्रत्येक प्रश्न के निर्देश पढ़कर केवल प्रदत्त ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर ही उत्तर दें।

(v) ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर उत्तर देने के पश्चात् उसे नहीं काटें तथा इरेजर अथवा ह्वाइटनर का प्रयोग न करें।

(vi) प्रश्न के अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(vii) खण्ड - ब में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं। इस खण्ड में वर्णनात्मक-1, वर्णनात्मक-II तथा मानचित्र सम्बन्धी दो प्रश्न हैं।

(viii) खण्ड - ब में सभी प्रश्नों के उत्तर एक साथ ही दें।

(ix) प्रथम प्रश्न से आरम्भ कीजिए तथा अन्तिम प्रश्न तक करते जाइए। जो प्रश्न न आता हो उस पर समय नष्ट न कीजिए।

(x) दिए गए मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका के साथ मजबूती से संलग्न करना आवश्यक है।

(xi) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र-कार्य के स्थान पर अलग से प्रश्न 9 (A) तथा 9 (B) लिखने के लिए दिए गए हैं।

## खण्ड - 'अ'

### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**निर्देश :** नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प चुनकर उसे ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें। **1 × 20 = 20**

1. फ्रांस की क्रान्ति कब हुई थी ? **1**

(A) 1761

(B) 1775

(C) 1789

(D) 1793

2. निम्नलिखित में से कौन सा आन्दोलन महात्मा गाँधी ने नहीं चलाया ? **1**

(A) सविनय अवज्ञा आन्दोलन

(B) असहयोग आन्दोलन

(C) खिलाफ़त आन्दोलन

(D) भारत छोड़ो आन्दोलन

3. 'हिन्द स्वराज' पुस्तक के लेखक हैं - **1**

(A) महात्मा गाँधी

(B) सरदार पटेल

(C) बाल गंगाधर तिलक

(D) भगत सिंह

4. 'कार्न लॉ' से संबंधित देश है - **1**

(A) जर्मनी

(B) संयुक्त राज्य अमेरिका

(C) फ्रांस

(D) ब्रिटेन

5. 1944 में ब्रेटन वुड्स सम्मेलन कहाँ पर आयोजित किया गया था ? **1**

(A) अफ्रीका

(B) फ्रांस

(C) अमेरिका

(D) भारत

6. भारतीय संघ में अवशिष्ट शक्तियाँ किसको प्राप्त हैं ? **1**

(A) राज्य

(B) संघ

(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

7. लोकतांत्रिक व्यवस्था अन्य व्यवस्थाओं से अच्छी है, क्योंकि यह - **1**

(A) सभी नागरिकों में समानता को बढ़ावा देती है

(B) व्यक्ति की गरिमा को बढ़ावा देती है

(C) (A) और (B) दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

8. निम्नलिखित में से किस व्यवस्था के लिए राजनीतिक दल आवश्यक शर्त है ? **1**

(A) राजतंत्र

(B) लोकतंत्र

(C) तानाशाही

(D) इनमें से कोई नहीं

9. संविधान के अनुसार भारत की राजभाषा है - **1**

(A) हिन्दी

(B) उर्दू

(C) संस्कृत

(D) तमिल

10. निम्नलिखित में से कौन सा विषय संघ सूची से सम्बन्धित है ? **1**

(A) प्रतिरक्षा

(B) कृषि

(C) शिक्षा

(D) वाणिज्य

11. पंजाब में भूमि निम्नीकरण का मुख्य कारण है - **1**

(A) गहन खेती

(B) वनोन्मूलन

(C) अधिक सिंचाई

(D) अति पशुचारण

12. 'हरित क्रान्ति' सम्बन्धित है : **1**

(A) दुग्ध उत्पादन से

(B) कृषि से

(C) मत्स्य उत्पादन से

(D) खनिज उत्पादन से

13. 'कोडरमा' किस खनिज का अग्रणी उत्पादक है ? **1**

(A) बॉक्साइट

(B) अभ्रक

(C) लौह अयस्क

(D) ताँबा

14. निम्न में से कौन सा शब्द दो या अधिक देशों के बीच व्यापार को दर्शाता है ? **1**

(A) आंतरिक व्यापार

(B) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार

(C) स्थानीय व्यापार

(D) अन्तर्राज्यीय व्यापार

15. भारत की 'इलेक्ट्रॉनिक राजधानी' है - **1**

(A) दिल्ली

(B) हैदराबाद

(C) पुणे

(D) बेंगलुरु

16. कृषि आधारित उद्योग है : **1**

(A) लोहा एवं इस्पात उद्योग

(B) सीमेण्ट उद्योग

(C) सूती वस्त्र उद्योग

(D) रासायनिक उद्योग

17. भारतीय रेल प्रखंडों की कुल संख्या है : **1**

(A) 16

(B) 18

(C) 10

(D) 12

18. निम्नलिखित में से किस देश का मानव विकास सूचकांक में स्थान ऊपर है ? **1**

(A) बांग्लादेश

(B) पाकिस्तान

(C) श्रीलंका

(D) नेपाल

19. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के पारित होने का वर्ष था : **1**

(A) 1992

(B) 1986

(C) 1990

(D) 2001

20. निम्नलिखित में से किस संस्था का मुख्य उद्देश्य अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को उदार बनाने का है ? **1**

(A) आई.एम.एफ. (I.M.F.)

(B) डब्ल्यू.टी.ओ. (W.T.O.)

(C) नाटो (NATO)

(D) विश्व बैंक (World Bank)

## PART - 'A'

**(Multiple Choice Type Questions)**

**Instruction:** Four alternatives are given for each of the following questions. Choose the correct alternative and mark on OMR Sheet. **1** $\times$ **20 = 20**

1. When did French Revolution take place ? **1**

   (A) 1761

   (B) 1775

   (C) 1789

   (D) 1793

2. Which of the following movement was not launched by Gandhiji ? **1**

   (A) Civil Disobedience Movement

   (B) Non-Cooperation Movement

   (C) Khilafat Movement

   (D) Quit India Movement

3. The author of the book 'Hind Swaraj' is - **1**

   (A) Mahatma Gandhi

   (B) Sardar Patel

   (C) Bal Gangadhar Tilak

   (D) Bhagat Singh

4. The country related to Corn Law is - **1**

   (A) Germany

   (B) U.S.A.

   (C) France

   (D) Britain

5. Where was Bretton Woods conference organised in 1944 ? **1**

(A) Africa

(B) France

(C) U.S.A. (America)

(D) India

6. Who has the residuary powers in the Indian Union ? **1**

(A) State

(B) Union

(C) Both (A) and (B)

(D) None of these

7. Democratic system is better than other systems, because it - **1**

(A) Promotes equality among all citizens

(B) Promotes dignity of the person

(C) Both (A) and (B)

(D) None of the above

8. Which one of the following systems is a necessary condition for political parties ? **1**

(A) Monarchy

(B) Democracy

(C) Dictatorship

(D) None of these

9. According to the Constitution, which one is the official language of India ? **1**

(A) Hindi

(B) Urdu

(C) Sanskrit

(D) Tamil

10. Which of the following subject is related to the Union List ? **1**

(A) Defence

(B) Agriculture

(C) Education

(D) Commerce

11. Which of the following is the main reason for land degradation in Punjab ? **1**

(A) Intensive farming

(B) Deforestation

(C) Over irrigation

(D) Over animals grazing

12. 'Green Revolution' is related to: **1**

(A) Milk production

(B) Agriculture

(C) Fisheries

(D) Mineral Production

13. Which mineral is the leading produce of 'Kodarma' ? **1**

(A) Bauxite

(B) Mica

(C) Iron-ore

(D) Copper

14. Which one word of the following denotes the trades among two or more countries ? **1**

(A) Internal Trade

(B) International Trade

(C) Local Trade

(D) States Trade

15. The 'Electronic Capital' of India is: **1**

(A) Delhi

(B) Hyderabad

(C) Pune

(D) Bengaluru

16. An example of agro based industry is : **1**

(A) Iron and Steel Industry

(B) Cement Industry

(C) Cotton-Textile Industry

(D) Chemical Industry

17. Total numbers of Indian Railway zones is: **1**

(A) 16

(B) 18

(C) 10

(D) 12

18. Which one of the following countries is the best ranked in the Human Development Index ? **1**

(A) Bangladesh

(B) Pakistan

(C) Sri Lanka

(D) Nepal

19. Consumer Protection Act was passed in the year: **1**

(A) 1992

(B) 1986

(C) 1990

(D) 2001

20. Which among the following organisation's main objective is liberalisation of international trade ? **1**

(A) I.M.F.

(B) W.T.O.

(C) NATO

(D) World Bank

## खण्ड - 'ब' / PART - 'B'

## वर्णनात्मक-1 / Descriptive-1

(निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए / Write answers of the following questions in about 80 words)

1. विश्व की अर्थव्यवस्था के विकास में तकनीकी का क्या योगदान है ? उदाहरण सहित लिखिये। **4**

**अथवा / OR**

जी-77 देशों से आप क्या समझते हैं ? **4**

2. राजनीतिक दलों की क्या चुनौतियाँ हैं ? किन्हीं दो को स्पष्ट कीजिए। **4**

**अथवा / OR**

लोकतन्त्र किस तरह उत्तरदायी, जिम्मेदार और वैध सरकार का गठन करता है ? **4**

3. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 का संक्षिप्त परिचय दीजिए। **4**

**अथवा / OR**

आर्थिक विकास से आप क्या समझते हैं ? समझाइए। **4**

4. भारतीय वनों के आर्थिक महत्त्व पर प्रकाश डालिये। **4**

**अथवा / OR**

भारत में अभ्रक के उत्पादन एवं वितरण का वर्णन कीजिए। **4**

## वर्णनात्मक-2 / Descriptive-2

(निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए / Write answers of the following questions in about 150 words)

5. फ्रांस की क्रान्ति के क्या कारण थे ? किन्हीं चार कारणों का उल्लेख कीजिए। $1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2}$ **(or 6)**

**अथवा / OR**

भारत में राष्ट्रवाद के उदय के प्रमुख कारण क्या थे ? **6**

6. संघवाद से आप क्या समझते हैं ? संघीय व्यवस्था की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए। **2 + 4 = 6**

**अथवा / OR**

'लोकतंत्र शासन की अन्य व्यवस्थाओं से किस प्रकार बेहतर है ?' स्पष्ट कीजिए। **6**

7. भारतीय मृदा के आर्थिक महत्त्व को स्पष्ट कीजिए। **6**

**अथवा / OR**

भारत में काग़ज उद्योग पर टिप्पणी लिखिए। **6**

8. भारत के आर्थिक विकास में बैंकों की भूमिका पर प्रकाश डालिए। **6**

**अथवा / OR**

भारत के निर्यातों का उल्लेख कीजिए। **6**

## मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न / Map Related Questions

**9.** **(A)** निम्नलिखित स्थानों को भारत के दिए गए रेखा-मानचित्र में चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम तथा सही स्थान अंकन हेतु $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$ अंक निर्धारित हैं : **5**

(i) वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन दिसम्बर 1920 में हुआ था। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) वह जनपद जहाँ जलियाँवाला बाग की घटना घटी थी। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) वह स्थान जहाँ महात्मा गाँधी ने नमक कानून तोड़ा। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) वह स्थान जहाँ गाँधीजी ने बिहार में किसान सत्याग्रह का नेतृत्व किया था। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) वह स्थान जहाँ सूती मिल श्रमिकों ने सत्याग्रह किया था। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 9 (A) के मानचित्र-कार्य के विकल्प के रूप में)**

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

(i) दिसम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन कहाँ पर हुआ था ? **1**

(ii) जलियाँवाला बाग की घटना किस जनपद में घटी थी ? **1**

(iii) महात्मा गाँधी ने नमक कानून कहाँ पर तोड़ा था ? **1**

(iv) गाँधीजी ने बिहार में किसान सत्याग्रह का नेतृत्व कहाँ पर किया था ? **1**

(v) सूती मिल श्रमिकों ने सत्याग्रह किस स्थान पर किया था ? **1**

## Map Related Questions (English Version)

(9 A) In the given outline map of India, locate the following places by the symbol with names. For correct mention of name and marking of location $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$ marks have been allotted : **5**

(i) The place where the session of Indian National Congress was held in December 1920. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(ii) The district where Jallianwala Bagh incident took place. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iii) The place where Mahatma Gandhi broke the Salt Law. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iv) The place where Gandhiji led the Peasant Satyagraha in Bihar. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(v) The place where Cotton Mill workers held Satyagraha. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

**(Only for Visually Impaired examinees in lieu of Q. No. 9 (A) Map work)**

Instruction: Write the answers of the following questions in your answer book. Do not use map.

(i) Where was the session of Indian National Congress held in December, 1920 ? **1**

(ii) In which district did Jallianwala Bagh incident take place ? **1**

(iii) Where did Mahatma Gandhi break the Salt Law ? **1**

(iv) At which place did Gandhiji led the Peasant Satyagraha in Bihar ? **1**

(v) Where did Cotton Mill workers hold Satyagraha ? **1**